## संसद के नए भवन में कार्य कर रहे श्रमिकों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं

---

**नई दिल्ली, 20 अक्टूबर 2022:** लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज संसद के नए भवन के निर्माण कार्य के निरीक्षण के बाद वहां कार्य कर रहे श्रमिकों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि "जिस कड़ी मेहनत और परिश्रम से वे लोकतंत्र के मंदिर का निर्माण कर रहे हैं, इसके लिए वे साधुवाद के पात्र हैं। इनमें से कई श्रमिक ऐसे हैं जो भवन के शिलान्यास से लेकर आज तक वहीं काम कर रहे हैं। उन्होंने भवन की नींव से लेकर शीर्ष तक के निर्माण कार्य से जुड़े संस्मरण भी साझा किया। इन श्रमिकों के चेहरों पर संसद के नए भवन के निर्माण कार्य से जुड़े होने का गौरव स्पष्ट प्रतिबिंबत हो रहा था। उनका पसीना और श्रम देश में लोकतांत्रिक मूल्यों के सुदृढ़ीकरण में अहम योगदान देंगे।"

इस अवसर पर श्री बिरला ने श्रमिकों का मुंह भी मीठा करवाया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।